# महात्मा गांधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज

फीरोजाबाद

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## प्रथम इकाई एवं द्वितीय इकाई

# सत्र 2020–2021

# सम्पूर्ण गतिविधियों की वार्षिक आख्या

(डॉ0 निष्ठा शर्मा)
राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी
प्रथम इकाई

(डॉ0 संध्या द्विवेदी)
राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी
द्वितीय इकाई

# महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फीरोजाबाद

## राष्ट्रीय सेवा योजना : सत्र 2020-2021

# वार्षिक आख्या

सत्र 2020–2021 के अन्तर्गत महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फीरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना (प्रथम एवं द्वितीय इकाई) द्वारा प्राचार्या डॉ0 निर्मला यादव के मार्ग दर्शन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निष्ठा शर्मा एवं डॉ. संध्या द्विवेदी ने विशेष रुप से वैश्विक महामारी से सम्बन्धित गतविधियां, विशेष शिविर एवं एक दिवसीय शिविरों के साथ ही अन्य सामाजिक जागरुकता एवं सुरक्षात्मक कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया।

सर्वप्रथम दिनांक 28 जून 2020 से 07 जुलाई 2020 तक यूनिसेफ के सहयोग से **"आत्म निर्भर भारत के नये क्षितिज"** विषय पर दस दिवसीय कार्यशाला का ऑनलाइन आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ डॉ. उमापति दीक्षित ने किया। एल.एन.सी.टी. विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरेन्द्र थापक ने कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रामवीर सिंह चौहान, राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक, डॉ0 अशोक श्रोती, डॉ. किरनलता डंगवाल, डॉ. अंशुमालि शर्मा, कार्यक्रम संयोजिका डॉ0 संध्या द्विवेदी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। डॉ. भीमराव ऑम्बेदकर विश्वविद्यालय, आगरा के कुलपति प्रोफेसर अशोक मित्तल ने विषय को समय की आवश्यकता बताया। तथा महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 निर्मला यादव ने कहा कि इस कार्यशाला ने कुशल वक्ताओं, विचारशील प्रतिनिधियों के सहयोग से कीर्तिमान स्थापित किये हैं। इसके अतिरिक्त डॉ0 अरुण कुमार चतुर्वेदी, डॉ. धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0 अमिता सरकार, कु. अनिता चौरसिया एवं डॉ. नवीन माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

दिनांकः 28 अगस्त, 2020 से 30 अगस्त 2020 तक **भारतीय लोक परम्पराओं** पर आधारित कार्यक्रम **पावस महोत्सव "झूला पड़े–कदम की डार"** का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीया डॉ. मृदुला सिन्हा (पूर्व राज्यपाल, गोवा) एवं प्रो. अशोक कुमार मित्तल (माननीय कुलपति– डॉ. भीमराव ऑम्बेदकर विश्वविद्यालय, आगरा) थे। डॉ. अशोक श्रोती, डॉ. अंशुमालि शर्मा डॉ. लवकुश द्विवेदी, (आर.ओ.–सांस्कृतिक विभाग, उत्तर

प्रदेश सरकार, लखनऊ), डॉ. ए० के० मिश्रा, श्री डी० एन० शर्मा (सचिव–महात्मा गाँधी सेवा एवं शिक्षण संस्थान, फीरोजाबाद), श्री अनिल उपाध्याय (सचिव–महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फीरोजाबाद) के संरक्षण एवं प्राचार्या डॉ० निर्मला यादव के मार्ग दर्शन में कार्यक्रम का संयोजन डॉ. संध्या द्विवेदी एवं श्रीमती प्रज्ञा केसरवानी ने किया। कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित किया गया जिसमें अवधी, बुन्देली, राजस्थानी, भोजपुरी, महाराष्ट्र एवं दक्षिण भारत की लोक संस्कृति पर कार्यक्रम एवं व्याख्यान हुए।

माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस पर दिनांक: 17 सितम्बर, 2020 को पीपल के पौधों का रोपण किया गया। डॉ. निष्ठा शर्मा एवं डॉ. संध्या द्विवेदी के संयोजन में नोडल अधिकारी फीरोजाबाद के डॉ. नवीन माहेश्वरी एवं डॉ. शैल गुप्ता के सहयोग से स्वंय सेवक छात्राओं ने पौधे रोपित किये।

29 सितम्बर, 2020 को हेल्प–डेस्क कोविड–19 लगाई गई। जिसमें प्राचार्या एवं नोडल अधिकारी द्वारा मास्क बैंक का उद्‌घाटन किया गया। कोविड–19 की महामारी के बचाव हेतु पेम्पलेट का वितरण किया गया। कोविड–19 जागरुकता एवं सावधानी बरतते हुए **''सुमन के''** (**SUMAN-K**) को दृष्टिगत रखते हुए हाथ धोने के तरीके को बताया गया।

15 अक्टूबर, 2020 को ही योजनाधिकारियों डॉ. निष्ठा शर्मा एवं डॉ. संध्या द्विवेदी द्वारा हाथ धोते हुए छात्राओं को व्यतिगत स्वच्छता, सामाजिक दूरी सम्बन्धी बातों का अनुपालन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## –: मिशन शक्ति के अन्तर्गत :–

माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा चलाये गये **''बालिका एवं महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलम्बन एवं सम्मान''** के लिए विशेष जागरुकता अभियान के अन्तर्गत दिनांक: 17 अक्टूबर, 2020 से 25 अक्टूबर, 2020 तक महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस ऑनलाइन कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्या द्वारा शपथ ग्रहण कार्यक्रम से हुआ। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. संध्या द्विवेदी एवं सह–संयोजक डॉ. निष्ठा शर्मा (राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारीगण), डॉ. अमृता सिंह (प्रभारी–शारीरिक शिक्षा) एवं डॉ. फरहा तबस्सुम (प्रभारी–रेन्जर्स) थी। इस श्रृंखला में 18 अक्टूबर 2020 से 23 अक्टूबर 2020 तक निरन्तर मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. अंशुमालि शर्मा ने मार्शल आर्ट के महत्व को

समझाया। तथा डॉ. दीनदयाल जी का सहयोग रहा।

दिनांक: 19 अक्टूबर, 2020 को **न्यूट्रीशियन** विषय पर ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ के रुप में डॉ. दिव्या चौधरी (एमिटी यूनीवर्सिटी, नोयडा), डॉ० ममता चौधरी (आगरा कॉलेज, आगरा), डॉ. बबिता नियर (के. आर. गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, मथुरा), डॉ. रामवीर सिंह चौहान (कार्यक्रम समन्वयक–डॉ. भीमराव आम्बेदकर विश्वविद्यालय, आगरा) तथा डॉ विक्रम सिंह (राजकीय महाविद्यालय, मथुरा) थे।

दिनांक: 20 अक्टूबर, 2020 को **योग** विषय पर वेबिनार आयोजित किया गया। विषय विशेषज्ञ श्री अखिलेश पाण्डेय ने कोविड–19 के सन्दर्भ में तथा महिला स्वावलम्बन हेतु स्वच्छता व योग को जोड़ते हुए सकरात्मक विचारों को बल दिया।

दिनांक: 21 अक्टूबर, 2020 को मुख्य विषय **महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सम्मान** हेतु वेब संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ डॉ० संगीता शर्मा (मेम्बर मजिस्ट्रेट–चाइल्ड लाइन कन्सलटेंट), डॉ. अंशुमालि शर्मा, डॉ. रामवीर सिंह चौहन, डॉ. दीनदयाल उपाध्याय (समन्वयक– राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ. मुकेश कुमार मालवीय (असिस्टेन्ट प्रोफेसर–विधि संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी), श्री ललित मुद्गल (संयुक्त निदेशक अभियोजन–उ0प्र0 सरकार) रहे। संयोजन डॉ. संध्या द्विवेदी ने किया, सह–संयोजन डॉ. अमृता सिंह, सम्पूर्ण संचालन एवं सह–संयोजन डॉ. निष्ठा शर्मा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन एवं सह–संयोजन डॉ० फरहा तबस्सुम ने किया।

दिनांक: 22 अक्टूबर, 2020 को **महिला सुरक्षा एवं सम्मान** विषय पर वेबिनार में मुख्य वक्ता डॉ. मुकेश कुमार मालवीय ने विभिन्न एक्ट (धाराएं) के बारे में जानकारी दी। गुरु प्यारी सत्संगी जी ने पॉक्सो एक्ट तथा बच्चों की काउसिलिंग सम्बन्धी जानकारी दी।

दिनांक: 23 अक्टूबर, 2020 को **महिलाओं की समस्याओं और मनोचिकित्साक उपचार** विषय पर वेविनार का आयोजन किया। प्रमुख वक्ता डॉ. रंजीत चौधरी (एम.डी. –मनोरोग चिकित्सक, मथुरा), डॉ. नीरा सिंह (मनोवैज्ञानिक मंडल प्रयोगशाला, कानपुर), डॉ. महीपाल सिंह (पूर्व अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षक संघ, मथुरा) ने विचार व्यक्त किये।

दिनांक: 24 अक्टूबर, 2020 को संयोजिका डॉ. संध्या द्विवेदी ने अपना वक्तव्य दिया। तथा छात्राओं से चर्चा भी की।

दिनांक: 25 अक्टूबर, 2020 को मिशन शक्ति अभियान के समापन दिवस पर पोस्टर

प्रस्तुतीकरण एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी संकायों की छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

दिनांकः 10 नवम्बर, 2020 से 26 नवम्बर, 2020 तक लगभग निरन्तर महिलाओं की सुरक्षा हेतु शपथ, स्लोगन ऑनलाइन प्रतियोगिता, कविता, निबन्ध, क्विज एवं न्यूट्रीशियन प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त पर्यावरण जागरुकता सम्बन्धी शपथ अर्थात् संकल्प लिया गया। एवं पौधों को रोपित किया गया। सामूहिक चर्चा एवं औरिएण्टेशन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राचार्या द्वारा छात्राओं को परामर्श दिया गया। समय–समय पर सी.एम.ओ. की मेडिकल टीम द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं, शिक्षकों एवं समस्त कर्मचारियों का **कोरोना टेस्ट** करवाया गया।

दिनांकः 12 दिसम्बर, 2020 से 30 दिसम्बर, 2020 तक **''दहेज एवं एफ.आई.आर. (FIR)''** से सम्बन्धित जानकारी देकर छात्राओं को जागरुकता प्रदान की गयी। **मनोवैज्ञानिक परामर्श एवं आक्रमकता** विषय पर छात्राओं को समझाया गया। संविधान के नियमों से भी छात्राओं को अवगत कराया गया। डॉ. अमृता सिंह द्वारा मिशन शक्ति पर **ऑनलाइन क्विज** प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दिनांकः 23 दिसम्बर, 2020 को **''लैंगिक समानता, महिला सुरक्षा एवं अन्य प्रचलित कानून''** विषय पर वेब संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का संयोजन डॉ. फरहा तबस्सुम ने तथा सह–संयोजन डॉ. निष्ठा शर्मा एवं अंकिता ठाकुर ने किया। विषय विशेषज्ञ एडवोकेट कुर्रतुलऐन (एडवोकेट ऑफ सुप्रीम कोर्ट ऑन रिकार्ड), सुप्रीम कोर्ट के वकील परवेज दबास जी तथा विशिष्ट वक्ता उज़्मी जमील हुसैन (एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट) रहे।

दिनांकः 02 जनवरी, 2021 को **''आत्म सम्मान एवं मानसिक स्वास्थ्य''** विषय पर एक वेब संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ डॉ. नूतन वोहरा (पूर्व प्राचार्या एवं विभागाध्यक्षा–मनोविज्ञान, ए0 एन0 डी0 कॉलेज, कानपुर) एवं डॉ0 आलोक वाजपेई (मनोचिकित्सक– रीजेन्सी हॉस्पीटल, कानपुर) रहे। संगोष्ठी का संयोजन डॉ0 निष्ठा शर्मा ने किया। सह–संयोजन डॉ0 फरहा तबस्सुम एवं डॉ. अमृता सिंह ने किया।

दिनांकः 11 जनवरी, 2021 को छात्राओं को **मतदाता पंजीकरण** हेतु जागरुक एवं प्रोत्साहित किया गया। प्राचार्या ने मतदाता के अधिकार एवं नियमों की जानकारी दी।

दिनांकः 25 जनवरी, 2021 को **ग्यारहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस** के अवसर पर समाज सेविका डॉ. शैल गुप्ता (असिस्टेन्ट प्रोफेसर–राजनीति शास्त्र) ने तथा डॉ0 तुलसी देवी (अनुशासन अधिकारी एवं ऐसोसिएट प्रोफेसर–संस्कृत) ने मतदान एवं मतदाता के विषय में छात्राओं को जानकारी दी। अन्त में शपथ कार्यक्रम के उपरान्त डॉ0 निष्ठा शर्मा एवं डॉ. संध्या द्विवेदी के मार्गदर्शन में छात्राओं ने रैली निकाली।

महाविद्यालय में **स्वामी विवेकानन्द जयन्ती** के शुभअवसर पर दिनांकः 12.01.2021 को डॉ0 निष्ठा शर्मा के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्या डॉ. निर्मला यादव ने छात्राओं को सम्बोधित किया। आयोजन सचिव डॉ0 तुलसी देवी, माया मधुर, रिचा सिंह, शालू गर्ग, तथा डॉ0 निष्ठा शर्मा ने भी स्वामी जी के जीवन से प्रेरणा देते हुए छात्राओं को सम्बोधित किया।

महाविद्यालय में **चौरा–चौरी शताब्दी** वर्ष के अवसर पर डॉ0 निष्ठा शर्मा एवं डॉ0 संध्या द्विवेदी के संयोजन में दिनांकः 04.02.2021 को कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्या डॉ0 निर्मला यादव एवं राजनीति विभाग की असिस्टेन्ट प्रोफेसर अंकिता ठाकुर ने छात्राओं को उक्त विषय पर सम्बोधित किया। छात्राओं ने राष्ट्रगीत वन्देमातरम् का ओझपूर्ण गायन करने के पश्चात रैली निकाली।

यातायात सुरक्षा माह के अन्तर्गत दिनांक 13.02.2021 को **यातायात जागरुकता** कार्यक्रम किया गया। भूतपूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ0 तुलसी देवी, डॉ0 रत्ना सक्सेना, डॉ0 प्रियदर्शिनी उपाध्याय, तथा डॉ0 राज्यश्री मिश्रा ने छात्राओं को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा ज्ञान से अवगत कराया। प्राचार्या डॉ0 निर्मला यादव के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ0 निष्ठा शर्मा एवं डॉ0 संध्या द्विवेदी ने कार्यक्रम को संयोजन किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनो इकाइयों द्वारा प्रथम एक दिवसीय शिविर दिनांकः 18 फरवरी, 2021 को लगाया गया। डॉ0 निष्ठा शर्मा एवं डॉ0 संध्या द्विवेदी के संयोजन में शिविर के मुख्य अतिथि श्री सुशान्त गौड़ (एस.एच.ओ.–थाना दक्षिण, फीरोजाबाद), ने छात्राओं को "एम परिवहन तथा डिजि लॉक" ऐप की जानकारी के साथ ही अन्य महत्त्वपूर्ण नियमों से अवगत कराया। ट्रैफिक इंस्पेक्टर श्री रामबाबू गौतम (विशिष्ट अतिथि) ने भी छात्राओं को हेल्प लाइन नम्बरों तथा यातायात सुरक्षा नियमों को बताया। डॉ0 तुलसी देवी ने छात्राओं को

अनुशासन में रहने पर बल दिया। छात्राओं में इकरा, नबीला, काजल तथा खुशी इत्यादि ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। **''यातायात सुरक्षा''** विषय पर शिविर की छात्राओं ने रैली निकाली जिसे प्राचार्या डॉ0 निर्मला यादव ने हरी झण्डी दिखाकर रवानगी दी।

दिनांकः 23 फरवरी, 2021 को द्वितीय एक दिवसीय शिविर **''पर्यावरण जागरुकता''** विषय पर लगाया गया। जिसका मुख्य स्लोगन था– **''हरित क्रान्ति–जन जाग्रति''**। छात्राओं ने बाग–बगीचे की साफ–सफाई, गुड़ाई, गमलों, पेड़ों पर रंगाई एवं पतंगी पन्नी से बाग–बगीचे का सुन्दरीकरण किया। पर्यावरण सम्बन्धी एवं वृक्षारोपण सम्बन्धी श्लोक एवं गीत गाकर सभी को जागरुकता प्रदान की। पोधों को रोपण प्राचार्या एवं कार्यक्रम अधिकारियों के मार्गदर्शन में किया गया। सभी छात्राओं ने भरपूर उत्साह से स्वंय सेवक के उत्तरदायित्व को निभाया।

दिनांकः 02 मार्च 2021 को तृतीय एक दिवसीय शिविर **''महिला सुरक्षा''** विषय पर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि महिला थाना की सब इंस्पेक्टर श्रीमती सुषमा सिंह ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड केयर, फायर बिग्रेड आदि हेल्पलाइन नम्बरों को बताया। प्राचार्या डॉ0 निर्मला यादव व डॉ0 तुलसी देवी ने भी छात्राओं को सम्बोधित किया। महिला सुरक्षा पर छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर एवं रैली निकालकर जन जागरुकता प्रदान की।

राष्ट्रीय सेवा योजना का **विशेष शिविर** (सात दिवसीय शिविर) **दिनांकः 13 मार्च, 2021 से 19 मार्च, 2021 तक** आयोजित किया गया। डॉ0 निष्ठा शर्मा तथा डॉ0 संध्या द्विवेदी (प्रथम एवं द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी) के निर्देशन में **प्राथमिक विद्यालय बैंदी ग्राम** में शिविर का शुभारम्भ हुआ। **उद्‌घाटन सत्र** में एन.एस.एस. गीत गाया गया। तथा प्राथमिक विद्यालय बैंदी के प्रधानाध्यापक श्री देवेन्द्र कुमार ने गॉव के बारे में जानकारी देते हुए सभी को सम्बोधित किया। विशेष शिविर के दूसरे दिन **कोविड–19** से सम्बन्धित शिविर लगाया गया। नोडल अधिकारी डॉ0 नवीन माहेश्वरी, प्रधानाचार्य श्री देवेन्द्र कुमार, अध्यापिकायें शबनम जी एवं अंकिता शर्मा जी तथा ग्राम प्रधान श्री पवन शर्मा जी ने राष्ट्र सेवा का सन्देश दिया। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम अधिकारियों एवं छात्राओं के साथ पूरे गॉव का भ्रमण किया। जहॉ छात्राओं ने **मास्क वितरण** किया। तथा **नुक्कड़ नाटक** के माध्यम से कोरोना महामारी के प्रति जागरुक किया।

**"महिला स्वावलम्बन जागरुकता"** के उद्देश्य से विशेष शिविर के तृतीय दिवस दिनांक 15 मार्च, 2021 को प्राथमिक विद्यालय, बैंदी ग्राम में शिविर का आयोजन किया गया। विषय पर छात्राओं ने कविता, गीत तथा विचार रक्खे। गॉव की महिलाओं एवं बालिकाओं को छात्राओं ने सिलाई, कढ़ाई, कपड़ो पर पेन्टिंग, हैण्डी क्राफ्ट, मेहन्दी लगाना, नृत्य व संगीत सिखाया। बालिकाओं से लेकर वरिष्ठ महिलाओं ने बहुत रुचि एवं उत्साह से सीखा।

विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (प्रथम एंव द्वितीय इकाई) तथा महाविद्यालय चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में कोविड–19 हेल्प डेस्क का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ0 निष्ठा शर्मा एवं डॉ0 संध्या द्विवेदी तथा चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रभारी कु0 अनिता चौरसिया के संयोजन में महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों का **कोविड–19 का परीक्षण** कराया गया। छात्राओं ने जल संरक्षण पर पोस्टर भी बनाये तथा विचार व्यक्त किये। सी0एम0ओ0 कार्यालय से डॉ0 ललित कुमार की टीम द्वारा कोविड–19 का परीक्षण सम्पन्न किया गया।

दिनांक 17 मार्च, 2021 को सात दिवसीय शिविर के अन्तर्गत पॉचवे दिवस प्राथमिक विद्यालय ग्राम बैंदी में **"बापू बाजार"** का आयोजन किया गया। अतिथि जनों में श्री नीरज सिंह (डी0पी0आर0ओ0) श्री राकेश कुमार (ए0डी0ओ0, पंचायत) श्री दीपक राजौरिया (भाजपा उपाध्यक्ष), श्री रमाकान्त उपाध्याय (प्रान्त प्रमुख–गौ सेवा), श्री संजीव शर्मा (जिला पंचायत संयोजक) तथा श्री कपिल गौतम ने बापू बाजार का उद्घाटन किया। श्री अशोक श्रोती (क्षेत्रीय निदेशक–राष्ट्रीय सेवा योजना), श्री अंशुमालि शर्मा (राज्य सम्पर्क अधिकारी– राष्ट्रीय सेवा योजना, लखनऊ) विडियो कॉल द्वारा बापू बाजार हेतु शुभकामनायें दीं। डॉ0 संध्या द्विवेदी के संयोजन एवं डॉ0 निष्ठा शर्मा के सह–संयोजन में बापू बाजार का मूल उददेश्य ग्रामवासियों के सहायतार्थ किया गया तथा उनके स्वावलम्बन व स्वाभिमान को ठेस न पहुँचे। इस कारण सामान को न्यूनतम मूल्य में विक्रय किया गया। श्री डी0 एन0 शर्मा (मण्डल सचिव), श्री अनिल उपाध्याय (महाविद्यालय सचिव) के संरक्षण एवं प्राचार्या डॉ0 निर्मला यादव के मार्गदर्शन में बापू बाजार का सफलतापूर्वक आयोजन सम्पन्न हुआ।

विशेष शिविर के अन्तर्गत दिनांक 18 मार्च, 2021 के **"स्वच्छता जागरुकता अभियान"** लगाया गया। "स्वच्छ भारत–स्वस्थ भारत" तथा पॉलीथीन का बहिष्कार–स्वस्थ जीवन हो साकार" आदि नारे लगाते हुए छात्राओं ने रैली निकाली। जिसे प्राचार्या द्वारा हरी

झण्डी दिखाकर रवानगी दी गयी। स्वंय सेविकाओं ने महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया तथा विषय पर पोस्टर भी बनाये। विशेष शिविर के **समापन दिवस** के अवसर पर एन.एस.एस. के लक्ष्य गीत से कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। कुछ स्वंय सेविकाओं ने उत्साहवर्द्धक गीतो की प्रस्तुति दी तो कुछ ने अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 निर्मला यादव ने इसी ऊर्जा के साथ समाज की सेवा में तत्पर रहने का संदेश दिया।

राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम व द्वितीय इकाई का अन्तिम एक दिवसीय शिविर प्राथमिक विद्यालय बैंदी ग्राम में ही लगाया गया। **"बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओं"** योजना के अन्तर्गत जागरुक करने के उद्देश्य से पुस्तक मेले का आयोजन किया गया कोविड हेल्प डेस्क के साथ ही 08 स्टॉल लगाये गये। साथ ही महिला स्वास्थ्य बैंक का उदघाटन प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती शबनम एवं श्रीमती अमृता सिंह ने किया। बापू बाजार की बिक्री से प्राप्त धनराशि से प्राथमिक विद्यालय को 03 पंखे एवं 01 वाटर कूलर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों द्वारा प्रदान किये गये।

इस प्रकार महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम एवं द्वितीय इकाई द्वारा सत्र 2020–2021 के सभी एक दिवसीय शिविर, विशेष शिविर तथा अन्य सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया।

(डॉ0 निर्मला यादव)
प्राचार्या

(डॉ0 निष्ठा शर्मा)
राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी
प्रथम इकाई

(डॉ0 संध्या द्विवेदी)
राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी
द्वितीय इकाई



माननीय प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर पीपल
के पौधों का रोपण
17 सितम्बर 2020



हैंड वॉश

15 अक्टूबर 2020



कोविड हेल्प डेस्क

29 सितम्बर 2020

अमर उजाला

आगरा | शुक्रवार, 18 सितंबर 2020



## एनएसएस इकाइयों ने लगाए पीपल के पौधे

फिरोजाबाद/टूंडला/शिकोहाबाद। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर पीपल के पौधे रोपे। महात्मा गांधी बालिका महाविद्यालय की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संध्या द्विवेदी के निर्देशन में परशुराम पार्क में पीपल के 20 पौधे रोपे। डॉ. निष्ठा शर्मा, शैल गुप्ता और वालंटियर्स आरती, पंकजा यादव, हरिहर, रानी यादव, ज्योति यादव, परी आदि मौजूद रहीं। सीएल जैन कॉलेज की एनएसएस इकाई ने भी पीपल के पौधे लगाए। प्राचार्य डॉ. उमा सिंह, पूर्व प्राचार्य डॉ. उदयराज सिंह और अन्य शिक्षकों व विद्यार्थियों ने पौधे लगाए। जिला नोडल अधिकारी नवीन माहेश्वरी ने बताया कि फिरोजाबाद जिले में एनएसएस ने 125 पौधे लगाए। एसआरके कॉलेज, दाऊदयाल कॉलेज, आरबीएस कॉलेज, शिकोहाबाद कॉलेज, बीडीएम कॉलेज, एके कॉलेज में भी पौधारोपण किया। श्री शिवप्रसाद मेमोरियल बालिका महाविद्यालय टूंडला की एनएसएस इकाई ने पीपल के 21 पौधे लगाए। कॉलेज प्रबंधक अजय शर्मा आदि मौजूद रहे। पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद की एनएसएस की दोनों इकाइयों ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। डॉ. एमपी सिंह, डॉ. रोहित नकवी, प्राचार्य डॉ. महावीर पालीवाल, डॉ. आरबी पांडे, अजय कुमार, छोटेलाल, प्रिया राजपूत और अमित आदि मौजूद रहे। संवाद

## एनएसएस वॉलिंटियर्स ने किया पौधरोपण

**फिरोजाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों में सक्रिय राष्ट्रीय सेवायोजना इकाई के वॉलिंटियर्स ने शिक्षकों के निर्देशन में पौधरोपण किया। एनएसएस वॉलिंटियर्स ने महाविद्यालय परिसर तथा सुहाग नगर स्थित परशुराम पार्क में पौधे लगाए। एनएसएस से जुड़े शिक्षकों एवं वॉलिंटियर्स को राज्यपाल द्वारा प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर पीपल के पौधे लगाने को प्रेरित किया गया था। महात्मा गांधी बालिका विद्यालय पीजी कॉलेज की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.संध्या द्विवेदी, डॉ. निष्ठा शर्मा, शैल गुप्ता और उनके वालंटियर्स काजू कुमारी, आरती, साथ ही एकता यादव, हरिहर, रानी यादव, ज्योति यादव, परी आदि ने उत्साह के साथ परशुराम पार्क में पीपल के 20 पौधे लगाए।

आगरा, 30 सितंबर, 2020 **दैनिक जागरण**

# एमजी महाविद्यालय में कोविड-19 हेल्प डेस्क की हुई स्थापना

**संस, फीरोजाबाद:** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के व्यवहार परिवर्तन जन अभियान के तहत कोरोना महामारी से बचाव के लिए एमजी महाविद्यालय में कोविड-19 हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। एनएसएस वालंटियर्स लोगों के बीच जाकर कोरोना के प्रति जागरूक करेंगे। मंगलवार दोपहर आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. निर्मला यादव ने फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संध्या द्विवेदी कहा कि हेल्प डेस्क पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रशिक्षित कोविड वालंटियर्स कार्य करेंगे। इस हेल्प डेस्क के माध्यम से आमजन को कोरोना से बचाने के लिए शारीरिक दूरी, मास्क पहनना, हाथों को बार-बार धोना, मोबाइल में आरोग्य सेतु एप एवं आयुष कवच एप डाउनलोड करना आदि से जागरूक किया जाएगा। डॉ. निशा शर्मा ने कहा कि इसके साथ ही वालंटियर्स बिना मास्क के घूमने वाले लोगों को टोकेंगे और एनएसएस मास्क बैंक द्वारा तैयारी किए गए मास्क वितरित करेंगे। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी नवीन माहेश्वरी, शताक्षी उपाध्याय, ऐश्वर्या सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अमर उजाला

आगरा | बुधवार, 30 सितंबर 2020


## एमजी बालिका महाविद्यालय में कोविड-19 हेल्पडेस्क स्थापित

फिरोजाबाद। महात्मा गांधी बालिका महाविद्यालय में कोविड-19 हेल्पडेस्क की स्थापना की गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निर्मला यादव ने इसका शुभारंभ किया। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संध्या द्विवेदी एवं डॉ. निष्ठा शर्मा ने बताया कि हेल्पडेस्क में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रशिक्षित कोविड वालंटियर्स कार्य करेंगे। डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि के प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर डॉ. रामवीर सिंह चौहान ने कहा कि वालंटियर्स हेल्पडेस्क पर व्यवहार परिवर्तन के बारे में बताकर एनएसएस मास्क बैंक द्वारा मास्क वितरण भी करेंगे। इस दौरान एनएसएस वालंटियर्स शताक्षी उपाध्याय, काजू, ऐश्वर्या गुप्ता आदि मौजूद रहे। संवाद




# हिन्दुस्तान

आगरा • बुधवार • 30 सितंबर 2020 •


# एमजीपीजी कॉलेज में कोविड की हेल्प डेस्क हुई स्थापित


फिरोजाबाद | हिन्दुस्तान संवाद

राष्ट्रीय सेवा योजना के व्यवहार परिवर्तनजन अभियान के अंतर्गत कोरोना महामारी से बचाव एवं सुरक्षा हेतु महात्मा गांधी बालिका महाविद्यालय में कोविड-19 हेल्प डेस्क की स्थापना की गई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.निर्मला यादव ने कोविड-19 हेल्पडेस्क का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एनएसएस जिला नोडल अधिकारी एवं पीडी जैन कॉलेज के असिस्टेंट प्रो.नवीन माहेश्वरी मौजूद थे।

एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.संध्या द्विवेदी एवं डॉ.निष्ठा शर्मा ने बताया कि हेल्प डेस्क में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रशिक्षित कोविड वालंटियर्स कार्य करेंगे। इस हेल्प डेस्क के माध्यम से आमजन को कोरोना से बचाव के बारे में जागरूक किया जाएगा। वालंटियर्स राह चलते लोगों को कोरोना जागरूकता पंपलेट बांटकर एवं बिना मास्क पहने लोगों को टोकेंगे और उन्हें हेल्प डेस्क पर व्यवहार परिवर्तन के बारे में बताकर एनएसएस मास्क बैंक द्वारा मास्क वितरण भी करेंगे। हेल्प डेस्क में एनएसएस वालंटियर्स शताक्षी उपाध्याय, काजू, ऐश्वर्या उपस्थित थे।




एमजीपीजी कॉलेज में कोविड-19 हेल्प डेस्क का शुभारंभ करती प्राचार्य डॉ.निर्मला यादव साथ में कार्यक्रम अधिकारी डॉ.संध्या द्विवेदी व अन्य। • हिन्दुस्तान



कोविड हेल्प डेस्क



परिक्षा के दौरान कोविड हेल्पडेस्क




कोविड जागरूकता हेतु शपथ



मिशन शक्ति के अन्तर्गत
महिला सुरक्षा हेतु शपथ





मतदाता जागरुक रैली




मतदाता पंजीकरण



राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर व्याख्यान




मतदाता जागरूकता



मतदाता जागरूक हेतु शपथ




स्वामी विवेकानन्द जयन्ती




महात्मा गांधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज
फिरोजाबाद
स्वामी विवेकानन्द जयन्ती







यातायात जागरूक रैली




यातायात जागरूक सप्ताह पर व्याख्यान

## छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

फिरोजाबाद। महात्मा गांधी बालिका पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम और द्वितीय इकाइयों द्वारा बृहस्पतिवार को यातायात जागरूकता कार्यक्रम के तहत रैली निकाली। रैली का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. निर्मला यादव ने हरी झंडी दिखाकर किया। मुख्य अतिथि एसएचओ सुमंत गौड़ ने यातायात संबंधी जानकारी दी। उन्होंने एम. परिवहन और डिजि लॉकर एप की जानकारी दी। ट्रैफिक इंस्पेक्टर रामबाबू गौतम ने छात्राओं को नियमों की जानकारी दी। संवाद

## कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की मांग

फिरोजाबाद। ऑल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन के तत्वावधान में जननायक कर्पूरी ठाकुर के परिनिर्वाण दिवस पर महर्षि सविता पुस्तकालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सुशील कुमार नंद, प्रधान बहाणवा रहे। इस दौरान वक्ताओं ने भारत सरकार से जननायक को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की मांग की। संचालन रोहित दयाल ने किया। संतोष कुमार सेन, सुशील चित्तौड़िया, सत्यदेव बाबा, रघुराज सिंह सविता, राजनाथ नंद, रमेश चंद्र वर्मा, कुलदीप आदि उपस्थित रहे। संवाद




प्रथम एक दिवसीय शिविर



23/2/2021

अमर उजाला

ता· 23-2-2·21

amarujala.com

आगरा | बुधवार, 24 फरवरी 2021

2


## हरित क्रांति जनजागृति का दिया संदेश

फिरोजाबाद। महात्मा गांधी बालिका पीजी कॉलेज की एनएसएस इकाई ने मंगलवार को पर्यावरण जागरूकता के अंतर्गत हरित क्रांति जन जागृति का संदेश दिया। शिविर का शुभारंभ वॉलिंटियर्स ने एनएसएस के लक्ष्य गीत के साथ किया। योजनाधिकारी डॉ. निशा शर्मा के नेतृत्व में छात्राओं ने बगीचे में मिट्टी के ढेर हटाकर भूमि को समतल किया। प्राचार्य डॉ. निर्मला यादव ने औषधि के पौधे लगाए। संवाद





द्वितीय एकदिवसीय शिविर
पर्यावरण जागरूकता






राष्ट्रीय सेवा योजना
पर्यावरण बचाओ



तृतीय एक दिवसीय शिविर पर 'महिला सुरक्षा' विषय पर व्याख्यान 2 मार्च 2021



'महिला सुरक्षा' जागरूकता हेतु रैली



'महिला सुरक्षा' पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते हुए






महिलाओं को अधिकारों के प्रति चुप्पी तोड़ने के लिए किया जागरूक

# नुक्कड़ नाटक से दिया महिला सुरक्षा का संदेश

- एमजीपीजी कॉलेज से सुभाष चौराहे तक एनएसएस स्वयंसेवकों ने निकाली रैली
- एक दिनी शिविर में छात्राओं को हेल्पलाइन तथा अन्य विषयों से कराया अवगत

फिरोजाबाद | हिन्दुस्तान संवाद

एमजीपीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित एक दिवसीय शिविर में अतिथियों ने हेल्पलाइन सहित महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उसके बाद छात्राओं ने एमजीपीजी कॉलेज से सुभाष चौराहे तक जागरूकता रैली निकाली। रैली के समापन अवसर पर छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर महिला सुरक्षा का संदेश दिया।

एक दिवसीय एनएसएस शिविर की मुख्य अतिथि महिला थाने की सब इंस्पेक्टर सुषमा सिंह ने महिला सुरक्षा पर चर्चा करते हुए छात्राओं को महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड केयर, पावर ब्रिगेड तथा सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित इन योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से आपदाओं एवं समस्याओं से हम अपना एवं अपने समाज को सुरक्षित कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है, कि हमें अपने अधिकारों के प्रति अपनी चुप्पी तोड़नी होगी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.निर्मला यादव ने छात्राओं से स्वावलंबी बनने की अपील की। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डॉ.तुलसी देवी ने छात्राओं को समुद्र की तरह मर्यादित होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



मंगलवार को सुभाष चौराहे पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करतीं एमजी कॉलेज एनएसएस इकाई की छात्राएं। • हिन्दुस्तान

महिला सुरक्षा पर एनएसएस की छात्रों ने जागरूकता रैली निकाली। महिला सुरक्षा पर छात्राओं द्वारा सुभाष चौराहे पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। जिसमें नबीला, इकरा, मुस्कान, खुशी, हिना, मुस्कान, जेबा, रिया तथा काजल शर्मा ने प्रभावपूर्ण प्रस्तुति देकर संदेश दिया। रैली प्रारंभ होने से पूर्व कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन एवं संचालन एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.संध्या द्विवेदी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन निष्ठा शर्मा ने किया। प्रज्ञा केसरवानी, डॉ.अनीता चौरसिया, माया उपस्थित रहीं।





सात दिवसीय शिविर के दौरान
मास्क बाँटते हुए नोडल अधिकारी नवीन महेश्वरी
एवं बौंदी गांव के प्रधान जी के साथ
14/3/2021



बौंदी गांव के निवासियों को स्वयंसेविकाओं
ने हाथों को स्वच्छ रखने का दिया
प्रशिक्षण



सात दिवसीय के तीसरे दिन बैंदी गांव की महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रशिक्षण देती स्वयंसेवक

महिला स्वावलम्बन





बापू बाजार के मुख्य अतिथिगण



सात दिवसीय शिविर के दौरान
बापू बाजार


महात्मा गांधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फिरोजाबाद
राष्ट्रीय सेवा योजना
इकाई द्वारा
कोविड - 19



हिन्दुस्तान आगरा • गुरुवार • 18 मार्च 2021 • 06

# एमजी कॉलेज की इकाई ने बैदी में लगाया बापू बाजार

फिरोजाबाद | हिन्दुस्तान संवाद

महात्मा गांधी बालिका विद्यालय पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी के संयोजन में बैदी गांव के प्राथमिक विद्यालय में बापू बाजार का आयोजन किया। छात्राओं द्वारा बापू बाजार में ज्वैलरी तथा रेडीमेड कपड़ों तक के स्टॉल लगाए गए।

डीपीआरओ नीरज सिन्हा, एडीओ पंचायत राकेश कुमार, दीपक राजौरिया भाजपा उपाध्यक्ष, रमाकांत उपाध्याय प्रांत प्रमुख गो सेवा, संजीव शर्मा जिला संयोजक, कपिल गौतम ने बापू बाजार का उद्घाटन किया। क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना उत्तर अशोक श्रोती तथा अंशुमालि शर्मा राज्य संपर्क अधिकारी ने भी वीडियो कॉलिंग के माध्यम से सभी को आयोजन की शुभकामनाएं दीं।

बापू बाजार में 10 स्टॉल लगाए गए। इनमें मास्क, साड़ी, गाउन, कुर्ती, सूट, ज्वैलरी, छोटे बच्चों तथा पुरुषों के परिधान एवं जूतों के स्टॉल मुख्य थे। कोविड-19 ध्यान में रखते हुए सर्वप्रथम सेनेटाइजर तथा थर्मल स्कैनर से जांच करने के बाद ही बाद ही बाजार में प्रवेश दिया। ग्रामवासियों में अत्यंत उत्साह रहा और हर प्रकार के सामान को खरीदा। बापू बाजार के आयोजन में गांव की प्रधान पवन शर्मा तथा प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार का पूर्ण सहयोग रहा।

डॉ. निष्ठा शर्मा ने कार्यक्रम का सह-संयोजन किया। डीएन शर्मा मंडल सचिव, अनिल उपाध्याय महाविद्यालय सचिव, राजेश्वर बंसल महाविद्यालय अध्यक्ष के संरक्षण में तथा महाविद्यालय की प्राचार्य, डॉ. निर्मला यादव के मार्गदर्शन में बापू बाजार का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ। बापू बाजार का मूल उद्देश्य ग्रामवासियों के सहायतार्थ किया। उनके स्वावलंबन स्वाभिमान को ठेस ना पहुंचे इस कारण सामान को न्यूनतम मूल्य में विक्रय किया।

छात्र प्रतिनिधियों में नवीता, मुस्कान, काजल गर्ग, कलश गुप्ता, अमृता, कंचन, वर्षा, मुस्कान, जैबा, अंजलि प्रजापति, शिल्पी, इत्यादि छात्राओं ने पूर्ण मनोयोग से स्टाल लगाए। संपूर्ण आयोजन में मोहन शर्मा तथा रामवीर एवं विद्यालय की अध्यापिकाओं का पूर्ण सहयोग मिला।

अमर उजाला आगरा | बृहस्पतिवार, 18 मार्च 20

# एनएसएस की छात्राओं ने लगाया बापू बाजार

फिरोजाबाद। महात्मा गांधी बालिका विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. संध्या द्विवेदी के संयोजन में बैदी गांव के प्राथमिक विद्यालय में बापू बाजार आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीपीआरओ नीरज सिन्हा, राकेश कुमार, दीपक राजौरिया, प्रांत प्रमुख गौ सेवा रमाकांत उपाध्याय ने किया। बापू बाजार में दस स्टॉल लगाए गए। जिनमें मास्क, साड़ी, गाउन, कुर्ती, सूट, ज्वैलरी, छोटे बच्चों तथा पुरुषों के परिधान एवं जूतों के स्टॉल मुख्य रहे। प्रधान पवन शर्मा तथा प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार का सहयोग रहा। संवाद

2 दैनिक जागरण आगरा, 19 मार्च, 2021 फीरोज

# बापू बाजार में पांच रुपये में साड़ी

जागरण संवाददाता, फीरोजाबाद: एक रुपये में शर्ट और पांच रुपये में साड़ी...। आपको यकीन नहीं हो रहा होगा। बड़ी से बड़ी सेल में भी इन चीजों की ये रेट नहीं हो सकती, लेकिन बैदीपुर प्राथमिक विद्यालय में लगे बापू बाजार में ये संभव दिखा। यहां महिलाओं और बच्चों ने जमकर खरीदारी की।

ये अनूठा बाजार एमजी बालिका पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवायोजना (एनएसएस) इकाई ने लगाया था। इसमें दस स्टाल लगी थीं। किसी पर साड़ी, किसी पर गाउन और कुर्ती तो किसी पर शर्ट, ज्वैलरी और जूते बिक रहे थे। रेट एक रुपये से शुरू होकर 20 रुपये तक थी। ये सामान कालेज की प्रबंध समिति और वालंटियर ने अपने घर से जुटाए थे। हां, अपितु ये नए नहीं थे, लेकिन पुराने और कटे और फटे भी नहीं थे। बल्कि ऐसे कपड़े थे जो खरीदकर लाने के बाद या तो पहने ही नहीं गए या बच्चों के कपड़े घर में रखे रखे छोटे हो गए थे। जिनका इस्तेमाल न के बराबर हुआ था।

## अनूठी पहल

- एमजी कालेज की एनएसएस इकाई ने की अनूठी पहल
- गांव बैदीपुर के प्राथमिक विद्यालय में हुआ आयोजन

एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डा. संध्या द्विवेदी ने बताया कि पहले इन्हें ग्रामीणों को मुफ्त में वितरित करने का विचार था, फिर लगा की इससे उनके स्वाभिमान को ठेस पहुंचेगी और समाज में गलत संदेश जाएगा। इसलिए बापू बाजार लगाकर इनकी बिक्री की गई।

स्कूल को दी जाएगी बिक्री से आई रकम: कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि दोपहर तक लगे बाजार में 90 फीसद सामान बिक गया।

इससे पांच हजार 66 रुपये प्राप्त हुए हैं। ये रुपये स्कूल को दिए जाएंगे। जिससे बच्चों के लिए कमरों में पंखे एवं जरूरत के अन्य सामान खरीदे जा सकेंगे।




छठवें सात दिवसीय शिविर मे अ स्वच्छता अभियान




2- स्वच्छता रैली :

रैली की प्राचार्य द्वारा रवानगी




रैली



नुक्कड़ नाटक

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक




वृक्षारोपण



पुस्तक मेला



महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता




कोविड हेल्प डेस्क



महिलाओं के स्वास्थ्य
एवं स्वच्छता हेतु



बैंदी गाव मे बापू बाजार द्वारा प्राप्त धनराशि से प्राथमिक विद्यालय हेतु पंखे एवं वाटर कूलर प्रदान करते हुऐ।